ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 28-02-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-02-28 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-03-01	2022-03-02	2022-03-03	2022-03-04	2022-03-05
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	26.0	27.0	27.0	28.0	28.0
न्यूनतम तापमान(से.)	9.0	10.0	11.0	10.0	9.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	90	85	85	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	50	55	55	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	8.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	300	320	120	120	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	1	4	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (21 – 27 फरवरी, 2022) में 2.2 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं आंशिक बाादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 18.0 से 25.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 6.3 से 14.6 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 78 से 96 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 35 से 75 प्रतिशत एवं हवा 2.4 से 12.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 3 मार्च को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 26.0 से 28.0 व 9.0 से 11.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-11.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 06 से 12 मार्च के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 3 मार्च को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूँ में माहू का प्रकोप होने पर, थायोमेथेक्साम 25 डब्लू एस जी के 100 मिली/हैक्टर का या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल के 140 मिली/ हैक्टर का 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। 15 दिन पर दूसरा छिड़काव करें। छिड़काव सुबह या शाम उस समय करें जबकि बारिश या तेज हवा नहीं चल रही हों। समय पर बोई गई फसल में पुष्पावस्था में आने पर सिंचाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
सरसों	सरसों में माहुं का अधिक प्रकोप होने पर मिथाइल-ओ-डिमेटान 25 ई.सी. का 1.5 लीटर/है0 या मैलाथियान 50 ईसी का 2.0 मिली/है0 की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।
गन्ना	बसंतकालीन गन्ना की बुवाई 15 मार्च तक पूरी कर लें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	अगर आम में गुम्बा रोग दिखाई दे तो उसको काटकर निकाल दें तथा जमीन में गड्ढा बनाकर दबा दें। पिछले वर्ष के गुम्बा बौर (मैंगो माल फारमेशन) तथा पंक्तियों को जिस पर खर्रे का अधिक प्रकोप हो तोड़कर नष्ट कर दें।
टमाटर	पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	भेड़ व बकरियों में चेचक नामक बीमारी से बचाव हेतु भेड़/बकरी पॉक्स नामक टीका लगवायें।